तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025



13 कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने भाठीगढ़...





14 रन फॉर यूनिटी का आयोजन देशभक्ति...







GE Signature Series

विश्वस्तरीय सोनोग्राफी मशीन राजिम में

भारत में केवल 120 मशीनें

पहली बार गर्भवती महिलाओं के बच्चे के दिल का जाँच की सुविधायें उपलब्ध अब राजिम में

लाईफ केयर

एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेंटर

पथर्रा रोड, राजिम मो.नं. 9340789101




## खबर संक्षेप

### तालाब में लोमड़ी ने किया हमला, 4 ग्रामीण घायल



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के केकराजोर ग्राम में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गई जब ग्रामीण तालाब में नहाने गये थे और झाड़ियों के बीच से एक लोमड़ी निकलकर ग्रामीणों पर अचानक हमला कर दिया। इस घटना में एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया तो तीन लोगों के पैरों में लोमडी के काटने की निशान है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह डोमार सिंह, घनश्याम, पुरू कश्यप एवं एक अन्य ग्रामीण तालाब नहाने गए थे तभी झाड़ियों के बीच से निकलकर लोमड़ी ने हमला कर दिया इसकी जानकारी तत्काल ग्रामीणों ने वन विभाग को दिया है और घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

### अवैध शराब पर कार्रवाई, 215 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

**गरियाबंद।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी विभाग की टीम ने 30 अक्टूबर को ग्राम पंटोरा से लगे जंगल में कच्ची मदिरा विनिर्माण के संभावित स्थलों पर कार्यवाही करते हुए जंगल में छिपाकर रखे गए 145 बल्क लीटर अवैध कच्ची मदिरा मादक पदार्थ को बरामद किया। इसके अलावा राजिम सर्कल के ग्राम जोगीडीपा से लगे जंगलों में दबिश देकर लगभग 70 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक नागेशराज, रजतचंद ठाकुर, आबकारी मुख्य आरक्षक चंद्रलोल गायकवाड़, आबकारी आरक्षक पीताम्बर चौधरी, नगर सैनिक मनीष कश्यप, संजय नेताम, महिला नगर सैनिक कामिनी सोनी, वाहन चालक गोवर्धन सिंह और कुलेश्वर निषाद का योगदान रहा।

### लोहझर में कवि सम्मेलन आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम लोहझर में एक नवंबर दिन शनिवार को देव उठनी के पावन अवसरपर इस वर्ष कवि सम्मेलन एक प्रयास 2025 का भव्य आयोजन रखा गया है, जिसमें ग्राम सहित आसपास के बहुत ही प्रसिद्ध साहित्यकार, व्यंग्यकार कवि लोग शामिल होंगे। विदित हों की पुरे गरियाबंद जिले में क्षेत्रीय कवि सम्मेलन की शुरुआत इसी गांव से आज से लगभग 15 वर्ष पूर्व हुवा था, लम्बे समय अंतराल के बाद पुनः इस बार नये कलेवर और नए उत्साह के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया है, उक्त कार्यक्रम में कुल 15 कवि को आमंत्रित किया गया है जो बहुत ही अच्छे मजे हुए गीतकार और गजल कार है, कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि 8 बजे से ग्राम लोहझर के हृदय स्थल बजरंग मंदिर प्रांगण पर आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन युवा एकता मंच लोहझर के तत्वाधान में समस्त ग्रामवासी लोहझर खट्टी के द्वारा आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम के युवा प्रेरणा स्त्रोत शंकर यदु शिक्षक, नोहर लाल पटेल शिक्षक, अशोक वर्मा ▶▶| शेष पेज 12 पर

# कोपरा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की पदस्थापना, लेकिन अब तक नहीं हुई ज्वाइनिंग

## एम्बुलेंस की कमी, मरीजों और गर्भवती महिलाओं को झेलनी पड़ रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खबर का असर

कोपरा स्वास्थ्य केंद्र में नहीं है एमबीबीएस डॉक्टर, बदहाल व्यवस्था पर सवाल का बड़ा असर हुआ है। हरिभूमि ने 26 सितंबर 2025 को खबर प्रकाशित किया था। प्रशासन ने इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए कोपरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की पदस्थापना का आदेश जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गरियाबंद के कार्यालय से 17 अक्टूबर 2025 को आदेश जारी हुआ है, जिसके तहत जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. सोमेश शिवा साहू को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में नवीन पदस्थापना दी गई है। हालांकि आदेश जारी हुए दो सप्ताह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन डॉक्टर अब तक कोपरा में ज्वाइनिंग नहीं कर पाए हैं। कोपरा नगर और आसपास के ग्रामीण अब बेसब्री से डॉक्टर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकार ने आदेश जारी कर राहत तो दी है, लेकिन जब तक डॉक्टर सेवाएं शुरू नहीं करेंगे, तब तक कोपरा की जनता को वास्तविक राहत नहीं मिल पाएगी। नगर पंचायत कोपरा का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वर्षों से बिना एमबीबीएस डॉक्टर के संचालित हो रहा था। लगभग 15 हजार शहरी आबादी और 30 हजार ग्रामीणों को इलाज के लिए राजिम (15 किमी) या पाण्डुका (7 किमी) तक ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सुविधाएं सीमित, सेवा भाव काबिले तारीफ

पीएचसी कोपरा में रोजाना करीब 100 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। यहां न सिर्फ कोपरा, बल्कि भेण्ड्री, पंडरीतराई, खेली, लोहरसी, मूड़तराई, जेंजरा, कापसीडीह, सुरसाबांधा, तर्रा, करुसकेरा समेत धमतरी जिले के कई गांवों के लोग भी उपचार के लिए आते हैं। डॉक्टर की कमी के बावजूद यहां का स्वास्थ्य स्टाफ सेवा भाव से कार्य कर रहा है। राज्य स्तरीय कायाकल्प प्रतियोगिता में पीएचसी कोपरा तीन बार विजेता रह चुका है और इसे राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र भी प्राप्त है। साफ-सफाई और गुणवत्तापूर्ण सेवा के कारण केंद्र को सेंट्रल लेवल पर भी पहचान मिली है।





विडंबना : स्थानीय लोग सालों से कर रहे हैं डॉक्टर की मांग पर अब तक पोस्टिंग नहीं

कोपरा में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, 45 हजार लोगों के लिए एक भी डॉक्टर नहीं

## विडंबना : छात्रों को न तो मध्यान्ह भोजन मिल रहा है और न ही गणवेश

# ओंकारपारा स्कूल में बदहाली, जर्जर भवन में डाइस कोड के बिना पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला ओंकारपारा की स्थिति बेहद चिंताजनक है। एक ओर जहां स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, वहीं दूसरी ओर यहाँ अध्ययनरत पांच बच्चों को प्रशासनिक लापरवाही के चलते सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। विद्यालय में पाँच बच्चों के लिए दो शिक्षक की व्यवस्था की गई है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इस स्कूल के छात्रों को न तो मध्याह्न भोजन मिल रहा है और न ही गणवेश। इस समस्या के पीछे का कारण बेहद गंभीर है विद्यालय के पास यू-डाइस कोड नहीं है। डाइस कोड न होने के कारण यहाँ के छात्र-छात्राएं न केवल मध्याह्न भोजन, गणवेश और पुस्तक से वंचित हैं, बल्कि स्कूल के पास टेबल, कुर्सी और अन्य छोटी-मोटी जरूरी सामग्री भी उपलब्ध नहीं है।

- विद्यालय में पांच बच्चों के लिए दो शिक्षक की व्यवस्था




### मानदेय न मिलने से भोजन भी रुका

शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पदमन मांझी ने बताया कि यू-डाइस कोड बंद होने के बाद से मध्याह्न भोजन बनना बंद हो गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 तक कार्यकर्ता पुरन मांझी बच्चों के लिए घर पर भोजन बनाकर लाते थे, लेकिन मानदेय न मिलने के कारण उन्हें भी यह काम रोकना पड़ा। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मांग की है कि विद्यालय का यू-डाइस कोड पुनः सक्रिय किया जाए, ताकि बच्चों को उनका संवैधानिक अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

### जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर बच्चे

विद्यालय भवन की स्थिति बेहद खराब है। दीवारों की पुताई उखड़ गई है, और बच्चे झड़ती पपड़ी और टूटी छत के नीचे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। शिक्षकों ने बताया कि बारिश के दिनों में हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं। सर्व शिक्षा अभियान के ब्लॉक समन्वयक (बीआरसी) मैनपुर, एसके नागे ने इस संबंध में बताया की ओंकारपारा स्कूल में कोई बच्चे नहीं होने के कारण इसे पहले बंद कर दिया गया था और 5-6 साल पहले फिर प्रारंभ किया गया है। विद्यालय का डाइस कोड नंबर नहीं मिला है, जिसके कारण छात्रों को मध्याह्न भोजन व अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। श्री नागे ने दावा किया कि बच्चों को पाठ्यपुस्तक और गणवेश वितरण कर दिया गया है, लेकिन मध्याह्न भोजन नहीं मिल पा रहा है, जिसकी जानकारी उच्च अधिकारी को भेजी गई है। दूसरी ओर, विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस सत्र में बच्चों को छात्र पुस्तिकाएँ नहीं मिली हैं और कक्षा 3 की छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ भी नहीं दिया गया है।

# बारिश से धान की फसल को हुआ भारी नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

युवा भाजपा नेता ग्राम मुरमुरा निवासी अनिल साहू ने किसानों के प्रति चिंता जताते हुए कहा कि मंगलवार से हो रही फुहारे वाली बारिश और तेज हवाओं से धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है क्षेत्र सहित अंचल मे पिछले तीन-चार दिनों से रात हो या सुबह दोपहर हो या शाम कभी भी मौसम रिमझिम बारिश ने किसानों को संकट में डाल दिया है आज समय बारिश से किसान अपनी धान की फसल को बचाने में काफी मशक्कत कर रहे हैं खराब मौसम के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल गिर गई है और कई खेतों में अंकुरित भी उगे हैं साथ ही पैक कर तैयार हो चुकी फसलों की बीच खराब होने की संभावना से किस डरे हुए हैं कोपरा, पाण्डुका क्षेत्र के दर्जनों गांव में पककर तैयार हो चुकी धान की फसल बारिश और तूफान से खेतों में ही लेट गई है जिससे किसानों को भारी क्षति आगे अनिल साहू ने कहा कि यह तूफान और बारिश न केवल तैयार फसलों को बल्कि कुछ दिनों बाद पकाने वाली धान की फसल को भी नुकसान पहुंचा रही है इस बे मौसम बारिश और तूफान से क्षेत्र के किसानों की कड़ी मेहनत और पूंजी बर्बाद होने के कगार पर है जमीन पर गिरे धान फसल कृपा खलिहानों से रखें धन भीग गए हैं इससे किसानों को भारी नुकसान होने की पूरी आशंका बनी हुई है। मौसम साफ होते ही किसानो अपनी फसलों को एकत्र करेंगे यदि मौसम ऐसा ही रहा तो किसानो की चिंता और भी बढ़ जाएगी।

# सड़क निर्माण रुका, ग्रामीणों ने श्रमदान से भरे गड्ढें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के नेशनल हाइवे 130 सी देवभोग मार्ग से बरगांव जांगड़ा मार्ग में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य पिछले 8 माह से बंद है और बारिश के पानी से सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं क्योकि सड़क निर्माण कार्य में मिट्टी डालकर कार्य अधुरा छोड़ दिया गया है जिसके कारण बारिश के पानी में जगह-जगह जानलेवा गड्ढे हो गये है आये दिनों राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे है। कई बार संबंधित विभाग और सरकार से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने के साथ ही गड्ढो की मरम्मत की मांग किया गय लेकिन इस ओर ध्यान नहीं देने के कारण ग्रामीण मजबुरन अब स्वयं श्रमदान कर सड़क मरम्मत कार्य कर रहे है। आज सरपंच अरविंद नेताम, उपसरपंच भानुप्रताप सिन्हा, जगबंधु, भवन यादव, डोमार विश्वकर्मा, भुने नेताम, बैजनाथ यादव, दुर्योधन यादव, हरिश यादव, पिन्टु, नरेश यादव, डिगेश, टुकेश जगत, दौलत, भुषण यादव, हुलार सिन्हा एवं क्षेत्र के ग्रामीण सड़क में श्रमदान करते नजर आये और ग्रामीणों ने बताया की श्रमदान कर गड्ढो को पाट रहे है कई बार मांग करते थक चुके हैं।

# कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर बीएस उइके ने समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता, सद्भाव एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने देश की एकता और आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल होंगे जिले में राज्योत्सव के मुख्य अतिथि

# राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाएंगे स्टाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य स्थापना दिवस 2025 के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 नवम्बर को शाम 5 बजे किया जाएगा। यह आयोजन 4 नवम्बर तक चलेगा। जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री दयाल दास बघेल छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव उपस्थित रहेंगे। राज्योत्सव पर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के 18 स्टॉल की लगाई जाएगी, जिनमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं, विभागीय उपलब्धियां और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में छत्तीसगढ़ पारंपरिक व्यंजन, लाइव फूड, प्रधानमंत्री आवास एवं स्वच्छ भारत मिशन, समूह उत्पाद से संबंधित जानकारी दी जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग का स्टॉल में विभाग के 25 वर्षों की उपलब्धियों का प्रदर्शन होगा। इसी प्रकार शिक्षा विभाग द्वारा स्टॉल पर मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता एवं अटल टिंकरिंग लैब विज्ञान प्रदर्शनी की झलक देखने को मिलेगी। कृषि विभाग, मछली पालन और उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय तिलहन मिशन, तिलहन बीज एवं पॉम आईल का प्रदर्शन किया जाएगा।

### श्रम विभाग द्वारा पंजीयन से संबंधित जानकारी दी जाएगी



इसी तरह पशु चिकित्सा विभाग द्वारा हितग्राही मूलक योजना, राजस्व विभाग द्वारा ग्रामीण आबादी भूमि सर्वे एवं भूमि अभिलेख डिजिटलीकरण एवं डिजिटल फसल सर्वे, श्रम विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं का आवेदन एवं सर्वे पंजीयन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, पुलिस विभाग द्वारा साईबर जागरूकता, वन विभाग द्वारा वन धन केंद्र प्रदर्शनी, जल संसाधन विभाग द्वारा जिले के प्रमुख सिंचाई परियोजना प्रमुख आकर्षण रहेगा। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खाद्य विभाग, नगर पालिका, लीड बैंक, डूडा, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल भी अपनी योजनाओं का प्रदर्शन करेंगे। राज्योत्सव के दौरान ये स्टॉल नागरिकों को शासन की योजनाओं, नवाचारों और स्थानीय उत्पादों से सीधे रूबरू कराएंगे।

# राज्योत्सव, विभागीय स्टॉलों से दिखेंगी शासन की योजनाएं और उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 के अवसर पर स्थानीय गांधी मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के 18 स्टॉल की लगाई जाएगी, जिनमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं, विभागीय उपलब्धियां और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में छत्तीसगढ़ पारंपरिक व्यंजन, लाइव फूड, प्रधानमंत्री आवास एवं स्वच्छ भारत मिशन, समूह उत्पाद से संबंधित जानकारी दी जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग का स्टॉल में विभाग के 25 वर्षों की उपलब्धियों का प्रदर्शन होगा। इसी प्रकार शिक्षा विभाग द्वारा स्टॉल पर मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता एवं अटल टिंकरिंग लैब विज्ञान प्रदर्शनी की झलक देखने को मिलेगी। कृषि विभाग, मछली पालन और उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय तिलहन मिशन, तिलहन बीज एवं पॉम ऑयल का प्रदर्शन किया जाएगा। इसी तरह पशु चिकित्सा विभाग द्वारा हितग्राही मूलक योजना, राजस्व विभाग द्वारा ग्रामीण आबादी भूमि सर्वे एवं भूमि अभिलेख ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी के प्रतिमा में किया माल्यार्पण

**नवापारा-राजिम।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी के शहादत दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा द्वारा बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने कहा कि इंदिरा जी का कार्यकाल अविस्मरणीय रहा है। आज भी उनके कार्यकाल को आम जनता याद करती है। महिला होते हुए भी उन्होंने जिस प्रकार देश का नेतृत्व किया पाकिस्तान जैसे देश के टुकड़े कर बांग्लादेश का निर्माण किया यह उनके नेतृत्व क्षमता की पहचान है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजा चावला ने कहा कि इंदिरा जी देश को विश्व पटल पर मजबूती प्रदान की। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग ,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव ,चतुर जगत ,रामकुमार शर्मा ,राकेश सोनकर ,पार्षद ,रामरतन निषाद ,अजय साहू ,टिकेश गिलहरे ,तरुण कंसारी ,फागूराम देवांगन ,अनूप खरे ,निर्माण यादव ,बल्लू देवांगन ,दाऊ साहू ,सुनील शर्मा ,मानसिंह ध्रुव ,मितेश शाह ,बिसाहू साहू,दानी राम पटेल मौजूद थे।

### संतोष शर्मा को पीएचडी की उपाधि

**नवापारा-राजिम।** फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के शिक्षा संकाय के सहायक प्राध्यापक संतोष शर्मा ने मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त किया। उनके शोध



प्रबंध का शीर्षक- उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि का उनकी समायोजन क्षमता एवं व्यवसायिक तनाव पर प्रभाव का अध्ययन रहा है। इनका शोधकार्य डॉ. संगीता श्रॉफ, (प्राध्यापक, शिक्षा संकाय), मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर के निर्देशन में हुआ। संतोष शर्मा की इस उपलब्धि पर उनके पिता शिव भगवान शर्मा सेवानिवृत शिक्षक,पूजा शर्मा(पत्नी) चित्रोत्पला शिक्षण समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष रमेश पहाड़िया, प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी, उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा, विभागाध्यक्ष डॉ. धरणी राय, शिक्षा संकाय के प्राध्यापक डॉ. सारिका साहू, प्रो. तरूण साहू, प्रो. चन्द्रहास साहू, प्रो. अखिलेश शर्मा, प्रो. नयना पहाड़िया, प्रो. लोमश साहू, प्रो. प्रीति षाह, एवं महाविद्यालय परिवार तथा विशेष रूप से डॉ. रिया तिवारी प्राचार्य, ग्रेसियस कालेज ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### ताराचंद बोथरा स्मृति विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवापारा-राजिम।** ताराचंद बोथरा स्मृति विद्यालय में शुक्रवार को शाला प्राचार्य सुश्री हरप्रीत कौर मैम के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में सांस्कृतिक गतिविधि के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से तीसरी तक पेपर से दीया बनाओ प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए और पेपर से सुंदर-सुंदर दीया बनाए। कक्षा चैथी से लेकर आठवीं तक रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न रंगों से मनमोहक रंगोलियाँ बनाई। कक्षा नवमीं से बारहवीं तक पेपर लैम्प बनाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लिए और बहुत ही सुंदर एवं अनोखे पेपर लैम्प बनाकर अपनी कला को दर्शाया। प्राचार्य ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं भविष्य में होने वाली ऐसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक गतिविधि के इस आयोजन में सभी शिक्षकगणों का सराहनीय योगदान रहा।

**जयंती : सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती को भाजपा ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया**

# भाजपा ने जिले में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस तिरंगा चौक से स्टेडियम तक रन फॉर यूनिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत रन फॉर यूनिट सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भाजपा द्वारा मनाया गया। यहां तिरंगा चौक से स्टेडियम तक एकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, दौड़ के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके थे 1

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि देश की एकता एवं अखंडता के लिए लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का विशेष योगदान है। भारत का एकीकरण में विशेष भूमिका है। उन्होंने देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रहते बिखरी हुई रियासतों को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है , इनके योगदान को भुलाया नही जा सकता। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कश्यप ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल अखंडता के प्रतिक थे, भारत की एकता और अखंडता को उन्होंने मजबूत किया था, जिसके चलते एकता के प्रतिक बन गए थे 1 नगर पालिका अध्यक्ष श्री यादव एवं जिला महामंत्री श्री शर्मा ने संबोधित किया। सुबह एकता दिवस के मौके पर छात्रो में आयोजन को लेकर उत्साह दिखा। इस एकता दौड़ में प्रथम पुर्वजीत सिंह कश्यप, द्वितीय ढालेंद्र ठाकुर, तृतीय कैलाश साहू रहे, इसके अलावा छात्रो को सांत्वना पुरस्कार बांटे गए। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, प्रहलाद सिंह ठाकुर, बलदेव सिंह हुंदल, बिंदु सिन्हा, शेषनारायण गजभिये, फारुख चौधरी, विष्णु मरकाम, प्रकाश सोनी, प्रकाश यादव, खेमसिंह बघेल, पुष्पक देवांगन, भीम साहू, प्रशांत मानिकपुरी, पप्पू ठाकुर, सूरज सिन्हा इत्यादि उपस्थित थे।





## कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, फिंगेश्वर, गरियाबंद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन बड़े ही गरिमापूर्ण तरीके से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ ओमेश ठाकुर,सहायक प्राध्यापक सत्येन्द्र पाटले और अतिथि शिक्षक आदर्श कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देना था। यह आयोजन



सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के रूप में मनाया गया, जिन्होंने भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया और राष्ट्रीय एकता के महत्व को रेखांकित किया। सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के एक प्रमुख नेता थे जिन्होंने देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्हें भारत का लोह पुरूश के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने भारत के कई रियासतों को एक किया था।उनकी जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है, जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए एक अवसर है।इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में देशभक्ति और एकता की भावना को मजबूती मिलती है, जिससे वे अपने देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित होते हैं। इस आयोजन के माध्यम से छात्रों को राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझने और अपने देश के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही, इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं ने छात्रों की रचनात्मकता और ज्ञान को भी बढ़ावा दिया महाविद्यालय के सभी छात्रों और शिक्षकों ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे सफल बनाया। इस तरह के आयोजन भविष्य में भी छात्रें को राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## देवउठनी एकादशी को लेकर फिर बनी ऊहापोह की स्थिति

**नवापारा-राजिम।** देवउठनी एकादशी को लेकर एक बार फिर ऊहापोह की स्थिति बन गई है। इसे छोटी दीपावली कहा जाता है। लक्ष्मी पूजा और दीपावली के बाद इस पर्व को काफी धूमधाम के साथ मनाए जाने की परंपरा सदियो से चली आ रही है। देवउठनी से शुभ मुहुर्त प्रारंभ हो जाता है चाहे शादी विवाह का मामला हो या मंदिरों में देवी- देवताओं की मूर्ति स्थापना। नए घरो, नए दुकान की पूजा पाठ भी की जाती है। जो दीपावली में सोने चांदी नही खरीद पाए रहते है उनके लिए भी छोटी दीपावली देवउठनी का पर्व काफी महत्व रखता है। इस बार देवउठनी को लेकर नवापारा के पंडित कन्हैया तिवारी एवं काली मंदिर माता के पुजारी पंडित पद्‌मु पांडे का कहना है कि एकादशी का व्रत 2 नवंबर रविवार को रखना उचित होगा। पंडित जी का कहना है कि नारद पुराण, विष्णु पुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार आज शनिवार को दशमी के साथ एकादशी 9: 47 बजे लग रहा है, जो साधु संतो के विहित है। ईधर नवापारा- राजिम शहर सहित आसपास के सैकड़ो गांव में छोटी दीपावली पर्व को लेकर काफी उल्लासमय वातावरण बना हुआ है। दोनो शहर में बाजार एक बार फिर दीपावली की भांति सजकर तैयार है। पर्व की महत्ता को देखते हुए गन्ना, कोचई, चनाभाजी,बेर, सिंघाड़ा, शकरकांदा, आंवला, केला, सेव, अनार, मुसंबी, संतरा, अनासपत्ती, फुलमाला, कमलफुल, गोंदा फुल सहित पूजा से संबंधित सामग्री सड़क किनारे सज गया है।इन्हें खरीदने के लिए आज गंज मार्ग और इंदिरा मार्केट सब्जी बाजार व सदर बाजार में भीड़ रहने की संभावना बन गई है। बता दें कि लोग गन्ने और कोचई कांदा तथा चनाभाजी की भरपूर खरीददारी करेंगे। शहर के बस स्टेण्ड चौक से लेकर मंडी रोड में नगर पालिका कार्यालय तक गन्ने के पसरे लग गए है। गन्ने बेचने के लिए आए किसानो ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि गन्ने के उत्पादन में लागत अब ज्यादा आ रहा हैलिहाजा रेट बढ़ाना लाजिमी है। उल्लेखनीय है कि दीावली के बाद बाजार हर साल इसलिए सूना हो जाता है क्योंकि किसान फसल कटाई में जुट जाते है।विभिन्न व्यवसायियो ने बताया कि दीावली के बाद मार्केट एकदम सूना हो गया है। विद्वान पंडितों के मुताबिक जितने भी शुभ मुहूर्त वाले कार्य हैं शादी-ब्याह, गृह प्रवेश, लगन, मांगलिक कार्य, सोना-चांदी ,कार, मोटरसाईकिल की खरीददारी बहुत अच्छा रहता है।देवउठनी के साथ मांगलिक कार्यो की शुरूआत हो जाएगी। देवउठनी को बहुत ही शुभ माना जाता है।

## साहू संघ राजिम की नई टीम गठित, समाज सेवा पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर साहू संघ राजिम की नवगठित कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान श्री राजीव लोचन एवं भक्तिन माता की पूजा-अर्चना और आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकुमार साहू ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। संरक्षक के रूप में चमरू राम साहू, लाला साहू, डॉ. महेंद्र साहू, भोले साहू, टीकम साहू, किशन साहू को शामिल किया गया। वहीं समाज के सलाहकार पद पर श्याम साहू, मनीराम साहू, खोरबाहरा राम साहू, लोकनाथ साहू, भरत साहू, नंदकुमार साहू, चोवाराम साहू, पुरानिक साहू को मनोनीत किया गया। सचिव - राजू साहू उपाध्यक्ष - वेदाराम साहू, रमेश साहू, बृजबाई साहू, निर्मला साहू,कोषाध्यक्ष - तरुण साहू संगठन सचिव - अमीर लाल साहू, चंपेश्वर साहू, राम प्रसाद साहू, शांति बाई साहू, सरिता साहू अंकेक्षक - जितेन्द्र साहू महिला प्रकोष्ठ संयोजिका - मनीषा साहू, बबली साहू, रामबाई साहू, पुष्पा साहू युवा प्रकोष्ठ संयोजक - सुखदेव साहू, सहसंयोजक - दयानंद साहू कार्यालय प्रभारी - विष्णु साहू इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में समस्त पार प्रमुखगण तथा विशेष आमंत्रित सदस्य संतोष साहू (बंधु), यशवंत साहू, कुलेश्वर साहू (पूर्व पार्षद), गजानंद साहू, ललित साहू, रामकुमार साहू (पथर्रा), वेदाराम साहू (बेदू) को मनोनीत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा -हम सभी का उद्देश्य समाज को एकजुट कर उसके विकास एवं उत्थान की दिशा में कार्य करना है। राजिम भक्तिन माता की महिमा एवं यश गाथा को जन-जन तक पहुंचाना एवं सामाजिक समरसता की भावना को आगे बढ़ाना है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती और समाज सेवा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। मनोनीत सभी पदाधिकारी को निर्वाचित उपाध्यक्ष संतोष साहू उमाबाई साहू संगठन सचिव भागवत साहू दावना साहू ने गुलाल लगाकर स्वागत अभिनंदन किये।

## ब्राम्हण समाज की मातृशक्तियों ने की आंवला पूजा...



**नवापारा-राजिम।** आंवला नवमी में विप्र महिला मंडल नवापारा की मातृशक्तियों ने एक साथ मिलकर विशेष रूप से व्रत रखकर भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा आंवला वृक्ष के नीचे की। मान्यता है कि आंवला वृक्ष स्वयं भगवान विष्णु का रूप है इसलिए उसकी पूजा करने से जीवन में सुख समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

## मुस्लिम समाज दो नवंबर को निकालेगा अजीमुस्शान जलशा

**मैनपुर।** मैनपुर मुस्लिम समाज द्वारा 02 नवम्बर दिन रविवार को एक रोजा अजीमुस्शान जलशा बनाम जश्ने हुजूर अमीन ए शरीयत का इनएकाद किया जा रहा है जिसमें मेहमाने खुसूशी शहजादा व जानशीने हुजुर अमीने –ए – शरीयत हुजुर हकीम –ए शरीयत काजी ए छत्तीसगढ़ हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती सलमान रजा खान साहब तसरीफ लायेंगे। मुकर्रिरे खुसूशी खलीफा ए हुजुर अमीन ए शरीयत हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती अब्दुल मुग्नी रजवी साहब केशकाल, खुसुशी नातख्वान बुलबुले बागे मदीना गुलशने रजा जनाब अकरम रजा मुजीबी साहब हैदराबाद एवं जनाब नईम रजा तहसीनी साहब बरैली शरीफ, नाकिबे जलशा हजरत मौलाना गुलाम मोहियुद्दीन रजवी साहब भिलाई व दीगर उलमाए किराम तसरीफ ला रहे है।

उक्त जानकारी मुस्लिम समाज मैनपुर के जाहिद रजा, नजीब बेग, सुल्तान मेमन, हाजी गफ्फू मेमन,हबीब मेमन, शेख हुसैन, हैदर मेमन, अनीश सोलंकी, गुलाम मुस्तफा, गोलु भाई, असलम मेमन, मकसुद भाई, रसीद खान, जब्बीर भाई, अब्दुल कादिर, अजहर मेमन एवं मुस्लिम समाज के लोगो ने देते हुए बताया 02 नवम्बर को होने वाले प्रोग्राम के बाद 21 लोगो का नाम अजमेर शरीफ जाने के लिए लक्की ड्रा से निकाला जायेगा। बाहर से आने वाले मेहमानो के लिए भोजन का इंतिजाम किया गया है।

**एक-एक गली, एक-एक घरों में जाकर कर रहे जनसंपर्क, ले रहे सभा**

# उड़ीसा उपचुनाव में विधायक साहू को मिली जिम्मेदारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

उड़ीसा के नुवापाड़ा विधानसभा उपचुनाव में राजिम विधायक रोहित साहू को अहम जिम्मेदारी दी गई है। श्री साहू छत्तीसगढ़ सीमा से लगे नुवापाड़ा के गांव-गांव में न केवल सभाएं कर रहे है बल्कि भाजपा उम्मीदवार जय ढोलकिया के समर्थन में एक-एक गांव एक-एक गली में जाकर वोट मांग रहे है। विधायक श्री साहू के उदबोधन पर ग्रामीण आकर्षित हो रहे है और कमल फुल को भरपुर समर्थन देने की बात कह रहे है। छत्तीसगढ़ के निकटवर्ती गांवों में छत्तीसगढ़ी, हिंदी और उड़िया भाषी लोग निवास करते है। विधायक श्री साहू के बोली को सारे लोग समझते है। वे ग्राम जेंजरा, सलिहा, कोदोमरी, झालबाहर, परसाबुड़ा, गोड़फुला, साल्हेभाठा, कल्याणपुर और अमसेना में आयोजित सभाओं में भाजपा सरकार की योजनाओं, किसानों को धान का बेहतर समर्थन मूल्य, तथा महिलाओं को सोभद्रा योजना से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी। जनसंपर्क कार्यक्रम में उनके साथ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. किरण बघेल, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, लेखराज ध्रुवा, नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष लुकेश्वरी-थानसिंह निषाद,जनपद उपाध्यक्ष सतीष यादव, जगदीश यादव, राजू साहू, मानसिंग निषाद, भाजपा मंडल बागबाहरा अध्यक्ष डाली ध्रुव, रूपेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। विधायक रोहित साहू ने जनता से अपील किया कि स्व. राजू ढोलकिया के सपनों और अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके पुत्र जय ढोलकिया को भारी मतों से विजय दिलाएं, ताकि क्षेत्र का विकास तेज गति से आगे बढ़ सके। सभाओं में स्थानीय जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## पेज 11 के शेष...

### कोपरा स्वास्थ्य केंद्र ...

जाना पड़ता है। एम्बुलेंस सुविधा न मिलने से कई बार मरीजों, खासकर गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा है।

कई योजनाओं का सफल संचालन- डॉक्टर के अभाव के बावजूद पीएचसी कोपरा की टीम लेप्रोसी, टीबी, अंधत्व निवारण, जननी सुरक्षा, टीकाकरण, गैर-संचारी रोग, बुजुर्ग स्वास्थ्य जांच और किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसी कई सरकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है। डॉक्टर की पदस्थापना के आदेश से क्षेत्र के लोगों में उम्मीद की नई किरण जगी है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रशासन ने हमारी वर्षों पुरानी मांग पूरी की है, अब बस डॉक्टर साहब जल्द पदभार ग्रहण करें, ताकि कोपरा और आसपास के करीब 45 हजार लोगों को स्वास्थ्य सुविधा की वास्तविक राहत मिल सके।

### कलेक्टर ने ...

पालन करने का संकल्प दिलाया। राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व, दृढ़ इच्छाशक्ति और कार्यों से भारत की एकता और अखंडता को सशक्त आधार मिला। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री दीनबंन्धु ध्रुव, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री डीपी ठाकुर, योजना एवं सांख्यिकी विभाग के उपसंचालक श्री ओमप्रकाश देशमुख, डीईओ श्री जगजीत धीर, सुश्री रश्मि गुप्ता, श्री सुदामा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अलावा विभिन्न विभागों के कार्यालय परिसर पर भी राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई।

### लोहझर में कवि...

प्रधापाठक युवराज साहू, डॉक्टर गोविन्द यादव, भोज पटेल, हुबलाल पटेल विनोद यादव युवाओ में पवन ध्रुव, अरुण ठाकुर, राजेश यादव, योगेश यादव सभी लगे हुए है। साथ ही ग्राम सहित आसपास के सभी दर्शक को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील किये है।

### राज्योत्सव, विभागीय...

डिजिटलीकरण एवं डिजिटल फसल सर्वे, श्रम विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं का आवेदन एवं सर्वे पंजीयन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, पुलिस विभाग द्वारा साइबर जागरूकता, वन विभाग द्वारा वन धन केंद्र प्रदर्शनी, जल संसाधन विभाग द्वारा जिले के प्रमुख सिंचाई परियोजना प्रमुख आकर्षण रहेगा। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खाद्य विभाग, नगर पालिका, लीड बैंक, डूडा, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल भी अपनी योजनाओं का प्रदर्शन करेंगे। राज्योत्सव के दौरान ये स्टॉल नागरिकों को शासन की योजनाओं, नवाचारों और स्थानीय उत्पादों से सीधे रूबरू कराएंगे।

## खबर संक्षेप



### बिजली साहू इकाई के नए अध्यक्ष बने रेवा राम

**छुईहा बेलर।** साहू समाज परिक्षेत्र बोरसी अन्तर्गत ग्राम बिजली साहू का अध्यक्ष पद पर रेवा राम साहू बनाए गए। शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष रेवा राम साहू के साथ उपाध्यक्ष पवन साहू, हेमिन साहू, सचिव एस कुमार साहू, संतोषी साहू शामिल हुए।

### देवउठनी पर्व दो दिन मनाया जाएगा : साहू

**कोपरा।** सामाजिक कार्यकर्ता रोशन साहू ग्राम कसेरुडीह निवासी ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मनाया जाने वाला देवउठनी एकादशी व्रत



इस वर्ष क्षेत्र वीडियो में उलझन का कारण बना हुआ है पंचांगों के अनुसार एकादशी तिथि 1 नवंबर की सुबह 9:11 से प्रारंभ होकर 2 नवंबर की सुबह 7:31 तक रहेगी उदया तिथि के आधार पर अधिकांश पंडित 1 नवंबर को व्रत और पूजा करने की सलाह दे रहे हैं वहीं कुछ विद्वान इसे 2 नवंबर को मनाया जाने योग्य मान रहे हैं ऐसे में श्रद्धालुओं में दो दिन तक पर्व मनाने की स्थिति बन गई है हिंदू धर्म में देवउठनी एकादशी को अत्यंत पवित्र माना गया है मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चातुमार्स, की निद्रा से जागते हैं इसके बाद विवाह जैसा शुभ कार्यों की शुरुआत होती है पुराणों में उल्लेख है कि इस व्रत का पालन करने से अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य प्राप्त होता है, आगे रोशन साहू ने कहा कि दो दिनों तक भक्ति अपनी श्रद्धा आस्था और विश्वास के साथ पूजा कर सकते हैं आस्था और विश्वास तथा श्रद्धा के साथ भगवान की पूजा अर्चना कर पावन पर्व देवउठनी को धूमधाम से मनाया जाए।

### देवरी स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखण्ड बागबाहरा में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डोमन सिंह टंडन, व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव आदि मौजूद रहे। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया।

## निधन

### हरचंद ध्रुव

मैनपुर। मैनपुर नगर पटेलपारा निवासी वरिष्ठ नागरिक हरचंद ध्रुव उम्र 93 वर्ष का गुरूवार को निधन हो गया।आज शुक्रवार को उनके अंतिम यात्र में बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग शामिल हुए साथ ही उन्हे श्रद्धाजंली अर्पित किया। हरचंद ध्रुव के निधन पर थानुराम पटेल, रूदेश्वर साहू, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, शेख हसन खान, कुशल ध्रुव ने श्रद्धाजंली अर्पित की है। हरचंद ध्रुव स्वतंत्रता सेनानी सगनुराम ध्रुव के पुत्र थे और मैनपुर के पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुव के पिता है। ज्ञात हो कि हरचंद ध्रुव काफी मिलनसार के साथ ही नगर व क्षेत्र के सभी धार्मिक समाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे।



**निरीक्षण : 3 नवंबर को प्रदेश के राज्यपाल रामेन डेका पहली बार पैरी उद्गम भाठीगढ़ पहुंचेंगे**

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने भाठीगढ़ पहुंच कर सरकारी योजनाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के साथ जिले के बड़े अफसर आज शुक्रवार को अचानक तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ पहुंचे यहां मंदिर एवं तालाब के साथ ही पैरी उद्गम पहाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण किया साथ ही भाठीगढ़ में करोड़ो रूपये की लागत से निर्माण किये गये रीपा योजना के तहत कार्यो की जानकारी ली।

इस दौरान यहां लगाये गये बड़े –बड़े मशीन एवं उत्पादन के संबंध में जानकारी लिया तो जनपद पंचायत मैनपुर के कार्यक्रम अधिकारी हेमंत तिर्की ने बताया कि रीपा सेंटर में 100 से ज्यादा महिलाओ को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा था यहां विभिन्न खाद्य सामाग्री का निर्माण कर उसका सेलिंग पूरे जिले और अन्य जिले में किया जा रहा था जिससे महिला समूह को लाखो रूपये का लाभ हुआ है लेकिन अब यह योजना बंद हो गई है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपालय रामेन डेका 03 नवंबर को गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल भाठीगढ़ दौरे पर पहुंचेंगे। इस दौरान वे शासन की विभिन्न योजनाओं और विकास कायोंर् का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देंगे। राज्यपाल क्षेत्रीय जनों से भेंटकर उनकी समस्याओं से अवगत होंगे तथा मैनपुर आदिवासी विकासखंड में संचालित रिपा एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान विशेष रूप से आदिवासी, कमार और भुजिया जनजाति के लिए चलाई जा रही राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी लेंगे और यह भी परखेंगे कि लाभार्थियों तक योजनाओं का कितना वास्तविक फायदा पहुंच रहा है। उनके दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राज्यपाल मैनपुर के खादी ग्राम उद्योग का भी निरीक्षण करेंगे और विभिन्न विकास कार्यो को देखेंगे जिसके लिए व्यापक तैयारी का जायजा लेने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके साथ पुलिस कप्तान निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, वन मंडलाधिकारी शशिगानंदन भी पहुंचे थे साथ ही मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम को पूरी तैयारियो की जिम्मेदारी सौपा गया है।



**पहली बार मैनपुर पहुंच रहे हैं राज्यपाल**

मैनपुर पैरी उद्गम भाठीगढ़ में पहली बार छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल पहुंच रहे है राज्यपाल के आगमन की जानकारी लगते ही क्षेत्र के लोगो में उत्साह देखने को मिल रहा है इस दौरान राज्यपाल पैरी उद्गम भाठीगढ़ स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राकृतिक शिवमंदिर में दर्शन करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी पुलिस विकास पाटले, श्री खुजुर, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, एडिशनल सीईओ डी एस नागवंशी, मनरेंगा अधिकारी कपिल नायक, हेमंत तिर्की, विजय रात्रे, वन परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य डाके”वर नेगी, रूपेश साहू, मैनपुरकला के उपसरपंच सुधीर ठाकुर, दिनेश शांडिल्य एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**भाठीगढ़ पैरी स्टेडियम में हेलीपेड निर्माण करने का निर्देश–** गरियाबंद कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने भाठीगढ़ स्थित पैरी स्टेडियम का भी निरीक्षण किया और पूरे स्टेडियम की साफ सफाई करवाने का निर्देश दिया है हेलीपेड स्थल का निरीक्षण कर हेलीपेड निर्माण करने की जिम्मेदारी सौपी गई है प”चात जनपद पंचायत मैनपुर में अधिकारियों की बैठक लेकर पूरी जानकारी देते हुए व्यवस्था दुरूस्थ करने कहा गया है।

**मैनपुर सरपंच ने कलेक्टर को समस्याओं से अवगत कराया–** मैनपुर पहुंचे कलेक्टर भगवान सिंह उइके को मैनपुर सरपंच हनिता नायक ने विभिन्न समस्याओ से अवगत कराते हुए मैनपुर में स्ट्रीट लाइट के लिए अलग से बजट देने और नगर के सप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित बनाने के साथ ही विभिन्न समस्याओ से अवगत कराते हुए समस्या समाधान करने की मांग किया है जिस पर कलेक्टर ने जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## श्री कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अंतर्गत श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य मधुरानी शुक्ला के नेतृत्व में उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण की। सभी ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा समाज में शांति, सदभाव और भाईचारे की भावना को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने अपने संबोधन में सरदार पटेल के अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और संगठन क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्र भारत के एकीकरण में जो योगदान दिया, वह अद्वितीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से देश की एकता और अखंडता के प्रति सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही।

## गाय हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

श्री कुंज बिहारी गौशाला सेवा समिति, खुसरुपाली में गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के राजा यशपेंद्र शाह, सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक छतर सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, महामंत्री प्रहलाद यदु, नगर पंचायत की पार्षद संगीता दीक्षित, वरिष्ठ नेता अजय दीक्षित, सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष उमेद सोरी, ग्राम पंचायत कोसमबूढ़ा की सरपंच किरण ठाकुर, उपसरपंच संघ के अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे, तथा पशुधन विभाग द्वारा गौ आयोग के ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिंहा एवं सदस्य कुलेश्वर सिंहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गोवर्धन पूजा एवं गौ माताओं को खिचड़ी खिलाकर किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों का गौशाला समिति के सदस्य संतोष साहू, टिकेश्वर वर्मा, पुनीत राम ठाकुर, एवं धनेश्वर पटेल, पुनीत ठाकुर, मिथलेश सिंहा द्वारा पीला चावल लगाकर, कृषि गमछा भेंटकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति से गहराई से जुड़ी हुई है। जन्म से लेकर मृत्यु तक के सभी संस्कारों में पंचद्रव्य का प्रयोग होता है, जिसमें गाय का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि “गाय को माता का दर्जा प्राप्त है, इसलिए उसका संरक्षण और संवर्धन हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह कार्य किसी एक व्यक्ति या संस्था का नहीं, बल्कि पूरे समाज का होना चाहिए।





**गाय, गंगा और गायत्री हमारी संस्कृति की त्रिवेणी : ठाकुर–** सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारी संस्कृति गाय, गंगा और गायत्री की त्रिवेणी पर आधारित है। गाय में समस्त देवी-देवताओं का वास माना गया है। आज कुछ विसंगतियों के कारण लोग गाय से दूर होते जा रहे हैं, जो प्रकृति और पर्यावरण के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि “गाय के पालन से जलवायु संतुलित रहती है और प्रदूषण से मुक्ति मिलती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक गाय अवश्य पालनी चाहिए।

### गोपाष्टमी का संदेश गौ संरक्षण और पंचगव्य का महत्व

यादव समाज के प्रमुख एवं कांग्रेस महामंत्री प्रहलाद यदु ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपाष्टमी के दिन से ही गौ-चरन प्रारंभ किया था, इसी कारण यह पर्व देशभर में श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि “गाय केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करने वाली शक्ति है। पंचगव्य के उपयोग से शरीर रोगमुक्त और वातावरण स्वच्छ बना रहता है। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक संतोषी यादव, सह-सचिव सरोज साहू, एवं गौशाला समिति के सचिव शीतल धुव ने कार्यक्रम संचालन किया, जबकि रवि शंकर देवांगन ने आभार प्रदर्शन किया। समापन में सभी अतिथियों एवं ग्रामीणजनों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

## रन फॉर यूनिटी में एकता की मिसाल पुलिस बनाम पत्रकारों का क्रिकेट मैच

**एसपी राखेचा की 26 नाबाद रन की कप्तानी पारी, मुकाबला रहा बराबरी पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिले में “रन फॉर यूनिटी” कार्यक्रम के साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में गरियाबंद पुलिस विभाग द्वारा पुलिस ग्राउंड में एक विशेष मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग और पत्रकारों की टीम आमने-सामने रहीं। पुलिस टीम की अगुवाई पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने की, जबकि पत्रकारों की टीम की कप्तानी अमित बखरिया ने संभाली। टॉस जीतकर पत्रकारों की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और निर्धारित 10 ओवर में 71 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस टीम की ओर से एसपी निखिल राखेचा ने शानदार कप्तानी पारी खेलते हुए 26 नाबाद रन बनाए। अंतिम ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में पुलिस टीम भी 10 ओवर में 71 रन ही बना सकी, जिससे मैच रोमांचक टाई पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने खेल भावना और सौहार्द का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। एसपी निखिल राखेचा ने इस अवसर पर कहा राष्ट्रीय एकता दिवस सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे अंदर टीम भावना, अनुशासन और एकता के मूल्य को मजबूत करने का अवसर है। ऐसे मैत्री मैच आपसी सहयोग और विश्वास को और गहरा करते हैं।”वहीं, वरिष्ठ पत्रकार मनोज वर्मा ने कहा कि

पुलिस और मीडिया दोनों ही समाज के अभिन्न स्तंभ हैं। खेल के माध्यम से आपसी समझ और समन्वय को बढ़ाने का यह शानदार प्रयास है। कार्यक्रम में अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, पत्रकारों और नागरिकों की उपस्थिति रही।इसके साथ ही जिला पुलिस की दो टीमों के बीच एक और मैत्री मैच भी खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया और मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

## डॉ. शरद चोपकर को काशी हिन्दू विद्यापीठ से मानद उपाधि

**नवापारा-राजिम।** कृषि उपज मंडी समिति नवापारा में सहायक ग्रेड 03 के पद पर पदस्थ एवं विधानसभा अभनपुर के विधायक इन्द्रकुमार साहू के नवापारा में कार्यरत कार्यालय प्रभारी शरद चोपकर को उनके शैक्षणिक, साहित्यिक, संस्कृति व गायन, संगीत एवं सामाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए काशी हिन्दी विद्यापीठ वाराणसी उत्तरप्रदेश द्वारा मानद सम्मान विधा - वाचस्पति पीएचडी समतुल्य उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मानवधिकार एवं आरटीआई जागरुकता संगठन भारत के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेस भाटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष कलाकार प्रकोष्ठ डॉक्टर सुरेश ठाकुर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कृत गायक छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ निधि चोपकर एवं कोनिका ठाकुर छत्तीसगढ़ उपाध्यक्ष कलाकार प्रकोष्ठ एवं रायपुर जिला अध्यक्ष पूर्णिमा साहू के साथ ही मुख्य कार्यकारिणी सदस्य मुख्य कार्यकारिणी प्रकोष्ठ अरुण साहू , नागेंद्र तिवारी, दिनेश शर्मा ,आकाश पांडे ,भूपेश नागवंशी ,डेविड निराला ,दुकालू यादव ,मुन्ना ठाकुर ,द्वारा डॉ. शरद चोपकर को उत्कृष्ट योगदान के लिए काशी हिन्दी विद्यापीठ वाराणसी उत्तरप्रदेश द्वारा मानद सम्मान विधा - वाचस्पति पीएचडी समतुल्य उपाधि प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं।



## शालेय गतिविधियों पर मंथन, प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय की मासिक बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय की मासिक बैठक शुक्रवार को शाला प्रांगण में आयोजित किया गया। इस बैठक के मुख्य एजेंडा शालेय गतिविधियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर शाला समिति के अध्यक्ष अंजली कुंजाम, उपसरपंच परमेश्वर यादव, समिति के उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर दास, नंदकिशोर यादव, जगत राम यादव, पंच पीला बाई ठाकुर, डोमेश चौहान, रजनी बाई यादव, निर्मला निषाद सहित पालकगण उपस्थित थे। माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक मुरलीधर विशाल ने बिंदुवार ऐजेन्डा को बारी बारी कहते हुए कहा कि प्राथमिक व माध्यमिक शाला के छात्रों की उपस्थिति और मध्यान्ह भोजन के संचालक व गुणवत्तापूर्ण भोजन तथा न्योता भोज आयोजन के बारे सभी उपस्थित पालकगण और जनप्रतिनिधियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, साथ ही शाला के वार्षिक आय व्यय के साथ वर्ष 2025 -26 में प्राप्त राशि व उसके वितरण पीपीए के माध्यम से करने की बात कही गई। साथ ही शाला संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया गया। इस दौरान प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक हृदय राम साहू, वरिष्ठ शिक्षक बालचंद नेताम, देवनारायण साहू, संजीव कुमार सिन्हा, पालकगण राजेन्द्र साहनी, रामायण ठाकुर, साबीर ख़ान, सावित्री यादव, ओमप्रकाश यादव, दुलसिया यादव, श्यामा ठाकुर भूषण साहू, गणेश्वर ठाकुर, निसु निषाद सहित पालकगण और समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय फिंगेश्वर में फिंगेश्वर विकासखंड के जगन्नाथ ध्रुव (से. नि. प्र. पा. शासकीय प्राथमिक शाला सिरीखुर्द)को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इसके साथ- साथ उनके पी.पी.ओ जी.पी.ओ.एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान आदेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां पर हम अपने काम की जिम्मेदारियां से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं। क्योंकि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि विकासखंड फिंगेश्वर के अंतर्गत भविष्य में शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के दिन संपूर्ण स्वत्वों का भुगतान कराना हमारी जिम्मेदारी है। ज्ञात हो कि दोनों प्रधान पाठक 31 अक्टूबर 2025 को सेवानिवृत हुए हैं। इस अवसर पर सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह बहल एवं अनिल कुमार ध्रुव, लेखापाल महेश्वर मारकंडे,सुखराम साहू, जयंत यदु, देवेंद्र सिन्हा, ललित डड़सेना एवं खोमन लाल सिन्हा उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## ग्राम बोड़की में मनी सहस्त्रबाहू जयंती, कलश यात्रा में उमड़ी महिलाएं

**छुईहा बेलर।** कलार समाज ग्राम बोड़की एवं फुलझर के संयुक्त तत्वावधान में समाज के इष्टदेव भगवान राज-राजेश्वर सहस्त्रबाहु की जयंती मंगलवार को मौली चौक, बोड़की में अत्यंत श्रद्धा एवं गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर फुलझर एवं बोड़की की महिलाएं पारंपरिक वेश-भूषा में कलश धारण कर शोभायात्रा में सहभागी बनीं। इस धार्मिक शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र में आस्था और सांस्कृतिक गौरव का वातावरण निर्मित किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ समाज प्रमुखों एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर ग्राम बोड़की के सरपंच नेतराम सिन्हा, वरिष्ठ नागरिक वेदराम साहू, ग्राम पटेल होरीलाल साहू और भुवनलाल सिन्हा सहित अन्य समाज प्रमुखों ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने भगवान सहस्त्रबाहु के जीवन-चरित्र, आदर्शों और कर्तव्यनिष्ठा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सहस्त्रबाहु भगवान का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि शक्ति व समय का उपयोग सदैव धर्मपरायणता में हो। उन्होंने समाज से एक सूत्र में बंधकर रहने, आपसी सहयोग बढ़ाने और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। सभा में यह संदेश प्रमुखता से उभरा कि समाज को संगठित रखकर ही उसके विकास और आदर्श निर्माण की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

## ललिता का राज्य स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में चयन

**रसेला।** कांकेर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता की अंडर 17 वर्ष श्रेणी में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरूवामुड़ा की कक्षा 8वीं की छात्रा कुमारी ललिता ठाकुर के चयन ने इतिहास रच दिया है। आदिवासी अंचल की इस छोटी सी बच्ची के ड्यूज बाल क्रिकेट में मध्यम तेज गेंदबाज के रूप में चयन से सभी ग्राम वासी अभिभूत है। इसी वर्ष इस संस्था से संभाग स्तर पर कु करुणा, कुमारी पेमती, कुमारी रागनी और बालक वर्ग से मुनेश नेताम और देवराज जगत का भी चयन हुआ था। छोटे से ग्राम के इस बड़े सफलता के पीछे हाथ है संस्था के वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद अनवर सर का है, जो लगातार अपने स्तर पर बच्चों को ट्रेनिंग देते हैं।



**जयंती :** कचना ध्रुवा महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई

# सरदार पटेल भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले शिल्पकार : कुर्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



हम सब मिलकर ही भारत है, हमारी असली पहचान, हमारी विविधता में ही निहित है। हमारी अखंड भारत में भाषा, संस्कृति, जाती धर्म, परिधान सब अलग -अलग है लेकिन आत्मा एक है और इसी एकता में ही शक्ति है कचना ध्रुवा महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे प्राध्यापक विनोद यादव ने उक्त बाते कही। 31 अक्टूबर शुक्रवार को छुरा के निजी कचना ध्रुवा महाविद्यालय में रासेयो कार्यक्रम रेखराम कुर्रे के मार्गदर्शन में आधुनिक भारत की नींव रखने वाले भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम अधिकारी कुर्रे ने कहा कि सरदार पटेल भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले वे शिल्पकार है जो अपनी अदम्य इच्छाशक्ति,राजनीतिक कुशलता और दृढ़ नेतृत्व से 562 रियासतों को भारत संघ में विलय कराया और आधुनिक भारत की नींव रखी। जिससे भारत एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे में संगठित हुआ। प्राध्यापक तरुण निर्मलकर ने अपने विचार व्यक्त किए कि सरदार पटेल की जयंती को 2014 में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की शुरुवात हुई, जिसका उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता,और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

महाविद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य तेजस्वी यादव ने रासेयो स्वयं सेवकों के साथ साथ उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत/" ही राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक पी के यादव, निर्मला यादव,आरती साहू, धनराज ध्रुव, कैलाश साहू, देवेंद्र भारती, सहित कार्यालयीन स्टॉप के साथ साथ छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।

## रन फॉर यूनिटी का आयोजन देशभक्ति के नारों से गूंजा नगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर में राष्ट्रीय एकता दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पुलिस थाना छुरा द्वारा किया गया, जिसमें नगर के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, सामाजिक संगठन और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। दौड़ की शुरुआत मिनी स्टेडियम छुरा से हुई, जो बस स्टैंड, स्वर्ण जयंती चौक, बजरंग चौक से होते हुए मैदान में संपन्न हुई। पूरे मार्ग पर "एक भारत – श्रेष्ठ भारत" भारत माता की जय के नारों से गूंज उठी। प्रतिभागियों में देशभक्ति और एकता का जोश स्पष्ट रूप से देखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर उनके योगदान को स्मरण करना और समाज में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देना रहा। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन ने सभी को शपथ दिलाई, और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस विभाग के थाना प्रभारी पवन वर्मा ने बताया कि ऐसी गतिविधियों से युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रबल होती है और समाज में एकता का संदेश प्रसारित होता है। दौड़ के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी शीतल ध्रुव ने कहा कि आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर हम लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हैं, जिनकी दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प से भारत एक अखंड राष्ट्र बना। इस दिन का उद्देश्य हमें यह याद दिलाना है कि विविधताओं के बावजूद हमारी ताकत एकता में है। आओ, जाति–धर्म–भाषा के भेद से ऊपर उठकर एक सूत्र में बंधें और एक सशक्त, संगठित व समृद्ध भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने वार्म अप योग करा कर कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज पूरे देश में लौहपुरुष को याद किया जा रहा है ।स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती देश की 565 रियासतों को एकजुट करने की थी। अपने अदम्य साहस, कुशल कूटनीति और दृढ़ संकल्प से सरदार वल्लभ भाई पटेल ने यह असंभव कार्य संभव कर दिखाया। उन्होंने न केवल सभी रियासतों का विलय कराया, बल्कि "एक भारत अखंड भारत" के सपने को साकार किया। इस अवसर पर रुपनाथ बंजारे उपसरपंच, सभापति बलराज पटेल, विमल पुरोहित, कृष्णकुमार गिलहर प्रधान आरक्षक- धनुष राम निषाद, लक्ष्मण चंद्रवंशी, ललित साहू, दुलेश्वर को बघेल, दुगेश्वर साहू,प्रदीप सिन्हा, जयप्रकाश मिश्रा, आरक्षक-डिगेश्वर साहू, अखिलेश वैष्णव, विनोद निषाद, नूतन दीवान, रूपेंद्र जैन, अवध पटेल, अमित जांगड़े, राजकुमार मरकाम,महिला आरक्षक - पार्वती ध्रुव, शशि कौशिक, होमेश्वरी निषाद, भारती साहू, एवं समस्त स्टाफ थाना छुरा के साथ शिक्षक विनोद यादव, विमल पुरोहित, पुराणिक नागेश, हेमंत साहू, एवं छात्र -छात्राएं एवं नगरवासी शामिल हुए।

## पटेल का योगदान, अखंड राष्ट्र की नींव : तिवारी

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय, छुरा में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय कुलपति डॉ. आनंद महालवार द्वारा "एकता शपथ" के साथ किया गया। तत्पश्चात "विविधता में एकता" के नारों के साथ 'सरदार 150 एकता मार्च' निकाला गया। इस मार्च में छात्र-छात्राओं ने एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश वाले पोस्टर एवं स्लोगन लेकर भाग लिया तथा "विविधता में एकता" के नारे लगाते हुए परिसर में जागरूकता का संदेश फैलाया। एकता मार्च के उपरांत विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव बीपी भोल, डीन एवं आई क्यू ए सी निदेशक डॉ. एन. के. स्वामी, डीएसडब्ल्यू डॉ. शुभाशीष विश्वास सहित विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राहुल तिवारी, अध्यक्ष – छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल एवं प्रवक्ता कांग्रेस पार्टी (राजनांदगांव जिला) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं योगदान पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि "भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का



जन्म 31 अक्टूबर 1875 को हुआ था। उन्होंने अपने अद्भुत नेतृत्व, दृढ़ निश्चय और एकता के संदेश के माध्यम से भारत के विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर देश को एक अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उनके अदम्य साहस और दूरदृष्टि ने स्वतंत्र भारत की नींव को मजबूत किया।" तत्पश्चात डी एस डब्ल्यू एवं डीन अकैडमिक्स ने अपने विचार प्रस्तुत किए तथा बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा तनुजा नायक और गायत्री नायक ने 'एकता' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभागों द्वारा वृक्षारोपण कर सरदार उपवन का निर्माण किया गया जिसमें "हरित और एकजुट भारत" का संदेश दिया गया। इससे छात्रों में पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना का विकास हुआ। पूरे कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री केशव साहू द्वारा किया गया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. ओ. पी. रत्नाकर, सहायक प्राध्यापक केशव कुमार एवं श्री रोहित सिन्हा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान प्रदान किया। समस्त कार्यक्रम डीन एवं आई क्यू ए सी निदेशक डॉ. एन. के. स्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक केशव साहू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## सरदार वल्लभभाई पटेल एकता व अखंडता के प्रतीक थे : पूरनलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने शाला के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करने की बाते कहीं। उन्होंने आगे कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे भारत में मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल एकता और अखंडता के प्रतीक थे। सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस और इच्छा शक्ति से देश के रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता और अखंडता को सशक्त बनाया। सरदार पटेल ने भारत को सदैव एक सूत्र में बांधे रखा तथा आजीवन भारत की अखंडता और राष्ट्रीय एकता पर कार्य किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश कुमार सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम,संतोषी गिलहरे,कीर्ति निषाद क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# जिला एकता के रंग में रंगा, पुलिस ने दौड़ लगाई देशभक्ति की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस 2025 गरियाबंद जिले में बड़े ही उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर गरियाबंद पुलिस विभाग की ओर से जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार की सुबह रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) से हुआ, जिसका आयोजन जिला स्तर पर रक्षित केंद्र गरियाबंद में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि और आम नागरिक शामिल हुए। इसी तरह थाना स्तर पर भी एकता दौड़ आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने देश की अखंडता और एकता बनाए रखने का संदेश दिया। दौड़ के बाद सभी उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता और




नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर देश निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। दिनभर चले कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जिले के सभी थानों में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली गई। अधिकारियों ने इस मौके पर सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके योगदान और स्वतंत्र भारत के एकीकरण में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत गरियाबंद पुलिस द्वारा कई प्रेरणादायक गतिविधियां आयोजित की गईं एकता दौड़, नशा मुक्ति शपथ, पुलिस और मीडिया के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच, पुलिस थानों और कॉलोनी में वृक्षारोपण, विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। सरदार पटेल के आदर्श आज भी हमें राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस के इन आयोजनों से जिलेभर में देशभक्ति, भाईचारा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश गूंजता रहा।

# वीरगाथा प्रोजेक्ट का उद्देश्य देश भक्ति एवं नागरिक मूल्य को बढ़ावा देना

**फिंगेश्वर।** वीरगति प्रोजेक्ट 5.0 भारत सरकार के रक्षा मंत्रलय और शिक्षा मंत्रलय का संयुक्त उपक्रम है जो देश भर के विद्यार्थियों में ऐतिहासिक नायक नायिकाओं के वीरता और संघर्ष के बारे में जिन्होंने भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उन्हें प्रसारित करना है ताकि देशभक्ति की भावना को बढ़ाया जा सके। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में वीरगाथा प्रोजेक्ट के तहत चित्रकला ,कविता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि शिक्षा विभाग के वीरगाथा प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शौर्य पुरस्कार प्राप्त वीरों की वीरता और बहादुरी के बारे में जानकारी देना है।इसके तहत महापुरुषों की जीवनियो का प्रसार कर विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को जागृत किया जाना है।उन्होंने आगे बताया कि वीरगाथा को गैलेंट्री पोर्टल के तहत 2021 में शुरू किया गया था।यह प्रोजेक्ट भारत के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को वीरता पुरस्कार विजेताओं पर आधारित



रचनात्मक गतिविधियां कविता,निबंध, पेंटिंग, ड्राइंग, मल्टीमीडिया प्रस्तुति आदि गतिविधियां को छात्रें द्वारा परियोजना के रूप में किया जा सकेगा।वीरगाथा का उद्देश्य साहसी कार्य और जीवन कहानियों को साझा करना है ताकि देशभक्ति और नागरिक मूल्यों को बढ़ावा दिया जा सके। संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने आगे बताया कि जिन प्राथमिक,मिडिल,हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी वीर गाथा 5.0 का पंजीयन नहीं कर पाए हैं वे स्कूल जल्द ही अनिवार्य रूप से पंजीयन कर अपनी जानकारी पोर्टल के माध्यम से अपलोड कर लेंवे।कार्यक्रम के अंत में वीरगाथा प्रोजेक्ट के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं कलम भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश कुमार सोनकर,रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू राम साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

**हरिभूमि माह अक्टूबर 2025 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन | 5.00 | 145.00 |
| | कुल | 145.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक अक्टूबर 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

## पटेल की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, हेमलता चंद्राकर,दामिनी चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।













